कक्षा – 5

पाठ – 3

शब्द तथा वाक्य विचार

प्रश्नो के उत्तर :–

प्र.1 शब्द किसे कहते हैं ?

उ0. एक या एक से अधिक ध्वनियों के मेल से बने सार्थक ध्वनि–समूह को शब्द कहते हैं।

प्र.2 शब्दों का वर्गीकरण किन आधारों पर किया जाता है ?

उ0. शब्दों का वर्गीकरण निम्नलिखित आधारों पर किया जाता है –

1 उत्पत्ति या स्त्रोत के आधार पर – इसके आधार पर शब्दों के चार भेद होते हैं।

1 तत्सम शब्द

2 तद्भव शब्द

3 देशज शब्द

4 विदेशज शब्द

2 अर्थ के आधार पर – इसके आधार पर शब्दों के दो भेद हैं।

1 सार्थक शब्द

2 निरर्थक शब्द

प्र.3 वाक्य किसे कहते हैं ?

उ0. किसी भाव या विचार को पूर्ण रूप से प्रकट करने वाले पदों का समूह वाक्य कहलाता है।

प्र.4 वाक्य के कितने अंग होते हैं? उनके नाम लिखो।

उ0. वाक्य के दो अंग होते हैं –

1 उद्देश्य

2 विधेय

प्र.5 वाक्य के कितने प्रकार होते हैं? उनके नाम लिखो।

उ0. वाक्य के तीन प्रकार होते हैं –

1 सरल वाक्य

2 संयुक्त वाक्य

3 मिश्र वाक्य

End of document

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows

Scanned with CamScanner

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

3. मिश्र वाक्य— जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य और शेष उसके आश्रित उपवाक्य होते हैं, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं; जैसे—

वाक्य	—	मैं जानता हूँ कि तुम चोर नहीं हो।
प्रधान उपवाक्य	—	मैं जानता हूँ
आश्रित उपवाक्य	—	कि तुम चोर नहीं हो।

आपने क्या सीखा?

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो—**
   - (क) शब्द किसे कहते हैं?
   - (ख) शब्दों का वर्गीकरण किन आधारों पर किया जाता है?
   - (ग) वाक्य किसे कहते हैं?
   - (घ) वाक्य के कितने अंग होते हैं? उनके नाम लिखो।
   - (ङ) वाक्य के कितने प्रकार होते हैं? उनके नाम लिखो।

2. **निम्नलिखित को क्या कहते हैं?**
   - (क) संस्कृत के वे शब्द जो अपने मूल रूप में हिंदी भाषा में अपना लिए गए हैं ____ तत्सम
   - (ख) संस्कृत के जिन शब्दों का रूप हिंदी भाषा में बदल गया है ____ तद्भव
   - (ग) विदेशी भाषाओं से ग्रहण किए गए शब्द ____ विदेशज
   - (घ) स्थानीय बोलियों से हिंदी भाषा में ग्रहण किए गए शब्द ____ देशज

3. **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ-**
   - (क) 'खिचड़ी' शब्द किस प्रकार के शब्द का उदाहरण है?
     - (अ) तत्सम ☐ (ब) तद्भव ☐
     - (स) देशज ☑ (द) विदेशज ☐
   - (ख) 'अग्नि' शब्द किस प्रकार का शब्द है?
     - (अ) तद्भव ☐ (ब) देशज ☐
     - (स) तत्सम ☑ (द) विदेशज ☐

Scanned with CamScanner

(ग) वाक्य के अंग होते हैं-

- (अ) दो ☑
- (ब) तीन ☐
- (स) चार ☐
- (द) पाँच ☐

(घ) "वह आगरा में रहता है"- वाक्य, वाक्यों के किस रूप का उदाहरण है-

- (अ) विधेय ☐
- (ब) सरल वाक्य ☑
- (स) संयुक्त वाक्य ☐
- (द) मिश्र वाक्य ☐

4. निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य और विधेय पहचानकर उन्हें अलग-अलग करके लिखो–

वाक्य	उद्देश्य	विधेय
(क) बच्चे पढ़ रहे हैं।	बच्चे	पढ़ रहे हैं।
(ख) श्रेया निबंध लिख रही है।	श्रेया	निबंध लिख रही है।
(ग) मज़दूर पेड़ काट रहा है।	मज़दूर	पेड़ काट रहा है।
(घ) चिड़िया उड़ रही है।	चिड़िया	उड़ रही है।
(ङ) गोलू ने कुत्ते को डंडे से मारकर भगा दिया।	गोलू ने	कुत्ते को डंडे से मारकर भगा दिया।

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

Scanned with CamScanner